लापरवाह अधिकारियों एवं कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो : भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री ने 28 सितंबर तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आयोजित 'सेवा सेतु अभियान' में आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए

- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 'विकसित भारत-जन सेवा अभियान' का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो
- जन-जन तक पहुंचे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को विकसित भारत-जन सेवा अभियान को लेकर उच्चस्तरीय बैठक ली।

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत जन सेवा अभियान का उद्देश्य जनसेवा, सामाजिक सरोकार एवं सुशासन की भावना को सुदृढ़ करना, जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ-साथ किसानों, महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को विकसित भारत-जन सेवा अभियान को लेकर उच्चस्तरीय बैठक ली। उन्होंने अभियान के माध्यम से सरकार की योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और नागरिक सेवाओं की जानकारी अंतिम छोर तक पहुंचाने तथा जनभागीदारी को और मजबूत करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 'सेवा सेतु अभियान' को तीन दिवस बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं तथा नागरिक सेवाओं का स्थानीय स्तर पर लाभ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से यह अभियान 28 सितंबर तक प्रदेशभर में संचालित होगा।

बैठक में बताया गया कि विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में 383 रक्तदान शिविरों का आयोजन कर 15 हजार से अधिक यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। साथ ही, राज्य में 37 हजार से अधिक ऑनलाइन संकल्प पत्र भरे गए, जो कि देशभर में सर्वाधिक है। अभियान के तहत आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में 30 लाख परिवारों द्वारा दीपों का प्रज्वलन, और मेरे सपनों का भारत चित्रसेवा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 17 हजार 730 कार्यक्रमों में 13 लाख 40 हजार से अधिक विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों ने भागीदारी की। मुख्यमंत्री ने आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए अधिकारियों को सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की प्रदायगी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश दिये।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दीपावली से पूर्व सड़कों की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत करने एवं स्थानीय शासन विभाग को शहरों में साफ-सफाई सहित आमजन से जुड़ी अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी प्रदेशभर में बिजली की निर्बाध एवं सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित संबंधित विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं शासन सचिव सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

एचपीवी और एमआर टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के निर्देश

जयपुर। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जोगाराम ने प्रदेश में बच्चों और बालिकाओं के टीकाकरण की समीक्षा करते हुए सभी जिलों में अभियान को और तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में टीकाकरण की प्रगति कम है, वहां विशेष ध्यान देकर पात्र बच्चों और बालिकाओं का टीकाकरण कराया जाए।

डॉ. जोगाराम ने कहा कि 30 सितम्बर तक कम से कम 80 प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूरा किया जाए। जिन जिलों में यह लक्ष्य पूरा नहीं होगा, वहां संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही 31 अक्टूबर तक 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करें।

उन्होंने कहा कि टीकाकरण से छूटी हुई पात्र बालिकाओं की पहचान कर उनका रिकॉर्ड पीसीटीएस और यू-विन पोर्टल पर दर्ज किया जाए। जीएवीआई द्वारा चुने गए जिलों में अगले तीन दिन में तथा अन्य जिलों में अगले सात दिन में छूटी हुई पात्र बालिकाओं की एंट्री पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि केवल टीका लगाना ही नहीं, बल्कि उसकी ऑनलाइन एंट्री भी समय पर होना जरूरी है, ताकि हर लाभार्थी का सही रिकॉर्ड उपलब्ध रहे।

एसआई पेपर लीक मामले में दो अभ्यर्थी गिरफ्तार

- 7 लाख और 20 लाख रुपए में हुआ था सौदा
- लीक सॉल्वड पेपर पढ़कर लिखित परीक्षा पास की

जयपुर। उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने दो और अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर परीक्षा से पहले पेपर लीक गिरोह से सॉल्वड पेपर प्राप्त कर परीक्षा पास करने का आरोप है। एसओजी में दर्ज एफआईआर के तहत की गई कार्रवाई में गिरफ्तार नरेंद्र प्रताप सिंह और अनिल विश्नोई को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसओजी विशाल बंसल के अनुसार दोनों ने पेपर लीक गिरोह के सदस्यों को लाखों रुपए देकर परीक्षा से पहले लीक सॉल्वड पेपर पढ़ा था।

एसओजी के अनुसार नरेंद्र प्रताप सिंह ने अपने ही गांव के पेपर लीक सरगना विनोद कुमार जाट उर्फ विनोद रेवाड़ से 7 लाख रुपए में सौदा किया था। परीक्षा से पहले हैंडलर के माध्यम से लीक सॉल्वड पेपर पढ़ने के बाद उसने परीक्षा दी।

नरेंद्र ने सामान्य हिंदी में 200 में से 149.09 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 124.71 अंक हासिल कर लिखित परीक्षा पास की, लेकिन अंतिम मेरिट में स्थान नहीं बनने के कारण उसका चयन नहीं हो सका।

सरगना विनोद रेवाड़ को 28 अगस्त 2025 को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आरोप-पत्र पेश किया जा चुका है। वहीं दूसरा आरोपी अनिल विश्नोई (25) निवासी धर्मपुरी की ढाणी, भगतासनी, थाना लूनी, जोधपुर कमिश्नरेट है। एसओजी के अनुसार अनिल ने अपने भाई तेजाराम विश्नोई और पेपर लीक गिरोह के सदस्य शैतानाराम विश्नोई, तत्कालीन कांस्टेबल यातायात शाखा जोधपुर, के जरिए 20 लाख रुपए में सौदा किया था। शैतानाराम और गणपतलाल विश्नोई के माध्यम से उसे पेपर लीक सरगना भूपेंद्र सारण के हैंडलर से परीक्षा से पहले सॉल्वड पेपर मिला था।

अनिल ने सामान्य हिंदी में 154.69 और सामान्य ज्ञान में 157.38 अंक हासिल कर लिखित परीक्षा पास की, लेकिन शारीरिक दक्षता परीक्षा में असफल रहने के कारण चयनित नहीं हो सका।

एसओजी के अनुसार भूपेंद्र सारण को 16 मार्च 2024 और शैतानाराम विश्नोई को 22 अगस्त 2024 को गिरफ्तार कर आरोप-पत्र पेश किया जा चुका है। वहीं तेजाराम और गणपतलाल विश्नोई अभी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

सार-समाचार

सरपंच-वार्ड पंच पदों का आरक्षण 24 सितंबर को होगा तय

जयपुर। पंचायत राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत पंचायत समिति झोटवाड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया 24 सितंबर को लॉटरी के माध्यम से होगी। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा महिलाओं के लिए आरक्षण और श्रेणीवार पदों का आवंटन निर्धारित किया जाएगा। उपखण्ड अधिकारी जयपुर प्रथम खुशबू शर्मा ने बताया कि आरक्षण निर्धारण एवं श्रेणीवार आवंटन की लॉटरी 24 सितंबर को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया उपखण्ड अधिकारी जयपुर प्रथम के कार्यालय कलेक्ट्रेट जयपुर में संपन्न होगी। लॉटरी के माध्यम से पंचायत समिति झोटवाड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा। आरक्षण की श्रेणीवार स्थिति तय होने के बाद संबंधित ग्राम पंचायतों में चुनावी प्रक्रिया के लिए पदों का आवंटन किया जाएगा।

पोते ने चाकू से दादी की हत्या की

जयपुर। भट्टा बस्ती थाना इलाके की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मंगलवार को 25 वर्षीय पोते ने अपनी बुजुर्ग दादी पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी। इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पोते पुलकित को मौके से हिरासत में ले लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद पुलकित ने अपनी दादी विमला देवी पर चाकू से हमला किया। गंभीर चोट लगने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार नहीं हुआ और पुलिस के पहुंचने तक वहीं मौजूद था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त बजरंग सिंह शेखावत ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू की। आसपास के लोगों से भी घटना के संबंध में जानकारी ली गई। प्रारंभिक जानकारी में आरोपी के मानसिक रूप से कमजोर होने की बात भी सामने आई है। हालांकि उसकी मानसिक स्थिति और घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी। पुलिस आरोपी से पूछताछ के साथ घटनास्थल और आसपास के लोगों से मिले साक्ष्यों के आधार पर पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ रही है।

मॉल के बेसमेंट के पैनल में आग लगी

जयपुर। गांधी नगर थाना इलाके नारायण सिंह सर्किल स्थित सिग्नेचर एलिट मॉल में मंगलवार दोपहर बेसमेंट के विद्युत पैनल में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की सूचना मिलते ही मॉल में काम कर रहे लोग सतर्क हो गए और बेसमेंट में खड़ी गाड़ियां बाहर निकालने में जुट गए। हालांकि, समय रहते दमकल की दो गाड़ियों ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 2.15 बजे मॉल के बेसमेंट स्थित पैनल में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। एहतियात के तौर पर मॉल की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। बेसमेंट में आग के कारण धुआं भर गया था, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा।प्रारंभिक जांच में बेसमेंट के विद्युत पैनल में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग ज्यादा फैलने से पहले ही दमकलकर्मियों ने मोर्चा संभाल लिया और करीब 20 मिनट में आग पर नियंत्रण पा लिया। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारण और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को वजह माना जा रहा है, लेकिन दमकल और संबंधित विभाग की जांच के बाद ही आग के कारणों की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।

खदान में गहरी खाई में गिरी पोकलेन मशीन हादसे में ऑपरेटर की मौत

जयपुर। **दौलतपुरा** थाना इलाके के खोरा श्यामदास में पत्थर की खदान में पोकलेन मशीन फिसलकर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में मशीन पर सवार ऑपरेटर की मौत हो गई। थानाधिकारी महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जगदंबा क्रेशर की खदान में एलएनटी/पोकलेन मशीन से काम चल रहा था। इसी दौरान मशीन अचानक फिसल गई और गहरी खाई में जा गिरी। मशीन चला रहे चेतलाल पंडित (30) भी नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक झारखंड के हजारीबाग जिले के काल्हाबाद का निवासी था और पिछले करीब 8 से 10 साल से पोकलेन मशीन चलाने का काम कर रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया।

नगर निगम जयपुर के अध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

जयपुर। नगर निगम जयपुर के अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अंतिम रूप से दो अभ्यर्थी महापौर पद के लिए चुनाव मैदान में हैं। रिटर्निंग अधिकारी (महापौर एवं उपमहापौर) आशीष कुमार ने बताया कि अंतिम रूप से चुनाव मैदान में रहने वाले अभ्यर्थियों में सुनीता गुप्ता मावर (इंडियन नेशनल कांग्रेस, चुनाव चिह्न हाथ) तथा सुनील (भारतीय जनता पार्टी, चुनाव चिन्ह कमल) शामिल हैं।